# समाज विज्ञान विद्याशाखा
# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
# हल्द्वानी नैनीताल

**Field Work Guidelines**
**क्षेत्र कार्य निर्देशिका**

**Last date of Submission: 30th December 2023** **जमा करने की अंतिम तिथि : 30 दिसम्बर 2023**

**Programme: Master of Social Work** **पाठयक्रम : मास्टर ऑफ सोशल वर्क**
**Course Code : MSW-13** **पाठ्यक्रम संख्या :एम० एस० डब्लू -१३**

एम0 एस0 डब्ल्यू प्रोग्राम में तृतीय सेमेस्टर में विद्यार्थियों को **25** दिनों का क्षेत्र कार्य करना है,जिसमें आपको किसी समाज कार्य से सम्बंधित संस्था में क्षेत्र कार्य का प्रशिक्षण प्राप्त करना है। यहाँ पर क्षेत्र कार्य हेतु शिक्षार्थियों एवं संस्था पर्यवेक्षक के लिए दिशानिर्देश दिये गये है। शिक्षार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी क्षेत्र कार्य अभ्यास की रिपोर्ट अपनी हस्त लिपि में प्रस्तुत करें।टाइप की गई या फोटो कॉपी की गई रिपोर्ट स्वीकार नहीं की जायेगी।पूर्व में शिक्षार्थियों द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट की नक़ल अस्वीकार कर दी जायेगी।अतः शिक्षार्थी अपने क्षेत्र कार्य अभ्यास का प्रशिक्षण सावधानी पूर्वक प्राप्त करें एवं स्वयं द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त की गई रिपोर्ट ही प्रस्तुत करें।

देय तिथि के पश्चात जो शिक्षार्थी क्षेत्र कार्य अभ्यास की रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे उनको बैक पेपर फार्म के साथ अगले सत्र में उक्त रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी । विलम्ब शुल्क के साथ कोई रिपोर्ट विश्वविदयालय द्वारा स्वीकार नहीं की जायेगी ।

## विद्यार्थियों एवं पर्यवेक्षकों हेतु मार्गनिर्देशिका

एम0 एस0 डब्ल्यू प्रोग्राम में प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों को विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं, सरकारी संस्थाओं और सामुदायिक परिप्रेक्ष्य में तत्कालिक क्षेत्र कार्य प्रशिक्षण हेतु पूरे शैक्षिक सत्र में एक निश्चित अवधि के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण का उद्देश्य समाज कार्य के विभिन्न क्षेत्रों, विभिन्न प्रकार के संस्थाओं, विभिन्न तकनीकियों के प्रयोग, पद्धतियां, व्यावसायिक दृष्टिकोण एवं परिवर्तन से परिचित कराना है। सामान्यतः समाज कार्य विद्यालय/विश्वविद्यालय अपने प्रशिक्षण कार्यक्रमों को पाठयक्रम के अनुसार आयोजित करते हैं एवं विभिन्न संस्थाओं का कार्यक्रम बनाते है। उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कार्यक्रम मास्टर आॅफ सोशल वर्क में प्रथम एंव द्वितीय वर्ष में विद्यार्थियों को दो फील्ड वर्क करना अनिवार्य है,जिसमें विद्यार्थियो को किसी संस्था में समाज कार्य क्षेत्र अभ्यास से सम्बन्धित कार्य प्रशिक्षण प्राप्त करना है।अध्ययन केन्द्र के परामर्शदाता एवं छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि कृपया नीचे दिये गये दिशानिर्देशों का पालन करते हुये क्षेत्र कार्य अभ्यास सम्पन्न करें। एम0 एस0 डब्ल्यू प्रोग्राम में द्वितीय वर्ष के तृतीय सेमेस्टर में क्रमशः **25** दिनों का क्षेत्र कार्य अभ्यास प्राप्त करना है।

समाज कार्य अभ्यास प्रशिक्षण के प्रथम प्रशिक्षण सत्र में आप समाज कार्य की पृष्ठभूमि से अवगत हो चुके होगें। आगे आपको समाज कार्य की मुख्य विधियों का उपयोग कर प्रशिक्षण प्राप्त करना है जजसमें आप द्ववतीय सेमेस्त्र् में अध्ययन की गई समाज कायि की प्रणाशलयों का उपयोग कर क्षेत्र कायि अभ्यास करना सीख सकेंगे ।

इस प्रशिक्षण के पश्चात आप समाज कार्य की विधियों का उपयोग कर क्षेत्र कार्य से अवगत होगें।

तृतीय सेमेस्टर में **25** दिनों के क्षेत्र कार्य अभ्यास हेतु दिशा निर्देश इस प्रकार हैं–

## एम0 एस0 डब्ल्यू0 –13 हेतु दिशा निर्देश

- वैयक्तिक समस्या के समाधान हेतु किए गए प्रयास/विवरण को समाज कार्य की पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए करें।
- सामुदायिक समस्या के समाधान हेतु किए गए प्रयासों का विवरण समाज कार्य की पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए करें।
- यदि आपके द्वारा संस्था में प्रशासनिक एवं कार्यालयी कार्य कलाप में भाग लिया हो तो उसका विवरण प्रस्तुत करें।
- यह सारा विवरण आपके द्वारा किए गये कार्य कलाप की प्रकृति को दर्शाती हुयी होना चाहिए।
- यदि आपको संस्था द्वारा प्रशिक्षण हेतु संस्था से बाहर भेजा जाता है तो उसका विस्तृत वर्णन करें।
- प्रश्नपत्र संख्या –13 में वैयक्तिक समाज कार्य/समूह समाज कार्य/सामुदायिक समाज कार्य आदि पर आधारित प्रशिक्षण प्राप्त करें।
- इस क्षेत्र कार्य का उद्देश्य समाज कार्य की मुख्य प्रणालियों से अवगत होकर क्षेत्र में वास्तविकताओं से परिचय प्राप्त करना है।
- आपसे अपेक्षा की जाती है कि क्षेत्र कार्य अभ्यास के दौरान आपके द्वारा प्रयुक्त की गई प्रक्रियाओं एंव प्रविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत करें ताकि क्षेत्र कार्य प्रशिक्षण के दौरान आपके द्वारा प्राप्त ज्ञान एवं कौशल को अंका जा सके।

**यहाँ पर क्षेत्र कार्य हेतु विद्यार्थियों एवं संस्था पर्यवेक्षक हेतु दिशानिर्देश दिये गये ।**

नोटः–इस कार्य हेतु आप समाज कार्य क्षेत्र अभ्यास प्रशिक्षण पुस्तिका का इकाई संख्या **–2** में अभिमुखिकरण का प्रारूप दिया गया है।

## क्षेत्र कार्य फील्ड वर्क के गुण

क्षेत्र कार्य सीखने की एक प्रक्रिया है जिसमें व्यावसययिक समाज कार्य कर्ता का ज्ञानार्जन चेतनशील तरीके से होता है जिसमें वह समाज कार्य की निपुणताओं,कौशलों एवं सिद्वान्तों का प्रयोग कर समस्या समाधान का प्रयास करवाता है।क्योंकि इस सीखने की प्रक्रिया में सीखने वाला परिस्थितियों में चैतन्य रहकर अपने ज्ञान का प्रयोग करता है और इस क्रम में वह अपने क्षेत्र कार्य पर्यवेक्षक के साथ प्रकिया का मूल्यांकन करता है जिसमें क्षेत्र कार्य पर्यवेक्षक उसे आवश्यक दिशानिर्देश देता है जिसमें विद्यार्थी क्षेत्र कार्य के अनुभवों को सीखते है।

समाज कार्य के क्षेत्र कार्य अभ्यास के अग्रलिखित उद्देश्य है –

